<u>समाचार</u>

# वार्ड क्र. 10 कुम्हार मोहल्ला में विधायक मद से बनेगा सार्वजनिक मंच
## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया विकास कार्य का भूमिपूजन)




कोरबा 31 जुलाई 2020 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा कोरबा विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से वार्ड क्र. 10सीतामणी कुम्हार मोहल्ला में सार्वजनिक मंच का निर्माण कराया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही एम. आई.सी.सदस्यों व पार्षदगणों की उपस्थिति में उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 10 सीतामणी कुम्हार मोहल्ला में बिसाहूराम कुंभकार के निवास के पास विधायक मद से 05 लाख रूपये की लागत से सार्वजनिक मंच का निर्माण किया जाना हैं। उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन बुधवार को प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया, इस अवसर पर उन्होने उक्त निर्माण कार्य हेतु पूजा अर्चना की एवं शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर कार्य का शुभारंभ कराया। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि कोरबा नगर निगम क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के निराकरण की दिशा में निगम द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं, मेरा पूरा प्रयास रहता है कि क्षेत्र की सभी छोटी–बड़ी समस्याओं का निराकरण कर आमनागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं सुगम रूप से मुहैया हों, साथ ही कोरबा का सर्वांगीण विकास हों। उन्होने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है तथा कोरबा के अधोसंरचनात्मक विकास के साथ–साथ पानी, बिजली, साफ–सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि पर व्यापक पैमाने पर कार्य किए गए हैं ,जो आगे भी जारी रहेंगे।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, एम. आई.सी.सदस्य संतोष राठौर व सपना चौहान, पार्षद दिनेश सोनी, संतोष लांझेकर, रूपसिंह गोंड़, सुरेश सहगल, सतेन्द्र वासन, दुकालू श्रीवास, पूर्व पार्षद अर्चना उपाध्याय, मनीष शर्मा, मनकराम साहू, बिसाहूराम कुंभकार, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.भोजासिया, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, डॉ.संजय तिवारी, लीलाधर पटेल, अंजूला अनंत, अभय मिंज, सुरेश पटेल, रवि पी.सिंह, भुनेश्वर राज, रवि खुंटे, बंटी शर्मा, बच्चू मखानी आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।